दैनिक
# न्याय साक्षी
संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना- राशिफल
रायगढ़, गुरुवार 20 फरवरी 2020
www.nyaysakshi.com


## संपादकीय

## मोर्चे पर महिलाएं

आखिरकार थलसेना में भी महिलाओं को बराबरी का हक मिल गया। उन्हें स्थायी कमीशन और कमांड पोस्टिंग दिए जाने का रास्ता खुल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक अहम फैसले में कहा कि उन सभी महिला अफसरों को तीन महीने के अंदर आर्मी में स्थायी कमीशन दिया जाए, जो यह विकल्प चुनना चाहती हैं। इसके लिए मार्च 2019 के बाद सेना से जुड़ने की सरकारी शर्त भी अदालत ने हटा दी। अभी तक आर्मी में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) के तहत 14 साल की सेवा दे चुके पुरुष सैनिकों को ही स्थायी कमीशन का विकल्प मिलता रहा है।

महिला सैनिकों को इसके लिए हकदार नहीं माना जाता था। इसके विपरीत वायुसेना और नौसेना में महिला अफसरों को स्थायी कमीशन मिलता रहा है। इस तरह इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के साल 2010 के निर्णय को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है। महिला अफसरों को स्थायी कमीशन देने की इजाजत दिल्ली हाईकोर्ट ने 2010 में दी थी, फिर 2 सितंबर 2011 को सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले पर अपनी मोहर लगा दी थी। इसके बावजूद केंद्र सरकार ने इस पर अमल नहीं किया।

हाईकोर्ट के फैसले के नौ साल बाद फरवरी 2019 में सरकार ने सेना के 10 विभागों में महिला अफसरों को स्थायी कमीशन देने की नीति बनाई, लेकिन साथ में यह शर्त भी जोड़ दी कि इसका फायदा मार्च 2019 के बाद से सर्विस में आने वाली महिला अफसरों को ही मिलेगा। इस तरह वे महिलाएं स्थायी कमीशन पाने से वंचित रह गईं, जिन्होंने इस मसले पर लंबे अरसे तक कानूनी लड़ाई लड़ी थी।

केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दलील दी थी कि सेना में ज्यादातर जवान ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं और महिला अधिकारियों से फौजी हुक्म लेना उनके लिए सहज नहीं होगा। यह भी कि महिलाओं की शारीरिक स्थिति और पारिवारिक दायित्व जैसी बहुत सी बातें उन्हें कमांडिंग अफसर बनाने में बाधक हैं। इस दलील को नकारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि महिलाओं को कमांड पोस्ट पर न रखना अतार्किक है और समानता के खिलाफ भी।

केंद्र सरकार को महिलाओं के प्रति मानसिकता बदलनी होगी और सेना में समानता लानी होगी। कमांड पोस्टिंग का अर्थ है किसी यूनिट, कोर या कमान का नेतृत्व करने वाली पोस्टिंग। दरअसल, समाज की मानसिकता बदलने के साथ महिलाओं को सेना में शामिल तो कर लिया गया पर उन्हें लेकर सेना के नेतृत्व में झिझक मौजूद रही है जो अभी तक मिटी नहीं है। महिलाओं ने सेना के दरवाजे अपने लिए खुलने के बाद यह साबित किया है कि सारे काम वे पुरुषों जितनी ही कुशलता से कर सकती हैं। फौजी इस बात को स्वीकार भी कर रहे हैं। उनकी अगली मंजिल कॉम्बैट रोल है। उन्हें इस भूमिका में लाने का फैसला सुप्रीम कोर्ट ने अभी सरकार और सेना पर छोड़ दिया है।

# चैम्पियंस लीग : लिवरपूल ने एटलेटिको मेड्रिड को पहले चरण में 1-0 से हराया

**मेड्रिड।** स्पेनिश फुटबाल क्लब एटलेटिको मेड्रिड ने चैम्पियंस लीग के नॉकआउट दौर के पहले चरण के मैच में मौजूदा विजेता इंग्लिश क्लब लिवरपूल को 1-0 से हरा दिया। समाचार एजेंसी एफे के मुताबिक, हालांकि असल परीक्षा 11 मार्च को होगी जब एनफील्ड में इन दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच खेला जाएगा। एटलेटिको के समर्थकों ने वांडा मेट्रोपोलिटियानो में अपनी टीम का शानदार स्वागत किया। तोहफे में एटलेटिको ने लिवरपूल को एक भी शॉट टारगेट पर नहीं लगने दिया।

प्रीमियर लीग में 25 अंकों की बढ़त के साथ पहले स्थान पर काबिज लिवरपूल के सामने एटलेटिको ज्यादा प्रभावी लग रही थी। अपने बेहतरीन डिफेंस के लिए मशहूर इस टीम ने आक्रमण की भी क्षमता दिखाई जो अभी तक उसके अभियान से गायब सी दिखी है। स्पेनिश लीग में यह टीम चौथे स्थान पर है।वहीं लिवरपूल ने प्रीमियर लीग के अभी तक खेले 26 मैचों में से 15 में गोल किए हैं। इस मैच में हालांकि मौजूदा विजेता डिफेंस में लापरवाह सी नजर आई और चौथे मिनट में ही उसने गोल खा लिया।



रेनान लोडी ने बाएं फ्लैंक से चार्ज किया और पोस्ट के पास खड़े अल्वारो मोराटा को पास दिया। यहां लिवरपूल के डिफेंडर वर्जिल वान डीजिक ने गेंद को क्लीयर कर दिया जिससे कॉर्नर किक मिली। कोके ने किक ली जो इंग्लिश क्लब के मिडफील्डर फाबिन्हो से टकराते हुए एटलेटिको के साउल निग्युएज से पास गई। साउल ने लिवरपूल के कीपर एलीसन को मौका नहीं दिया और स्पेनिश क्लब को 1-0 से आगे कर दिया।

इसके बाद मेजबान टीम ने गेंद अधिकतर समय अपने पास रखी और एलिसन की जमकर परीक्षा भी ली। एलिसन ने हालांकि दूसरा गोल नहीं होने दिया।मोहम्मद सालाह ने अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया था, लेकिन लिवरपूल के रोबेटरे फर्मिनो ऑफ साइड थे और इसी कारण यह गोल खारिज कर दिया गया।

## वेग्नर के कवर के तौर पर कीवी टीम से जुड़े मैट हेनरी

**वेलिंग्टन।** भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए मैट हेनरी को नील वेग्नर को कवर के तौर पर न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट मैच बेसिन रिजर्व मैदान पर खेला जाएगा। वेग्नर को अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार है और इसी कारण वह पहले टेस्ट मैच से बाहर हो सकते हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने अपने आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर लिखा, मैट हेनरी को नील वेग्नर के कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया है। वेग्नर को अपने पहले बच्चे के जन्म का इंतजार है। हेनरी शाम तक वेलिंग्टन पहुंचेंगे।अपने देश के लिए 13 टेस्ट मैच खेल चुके हेनरी को 13 सदस्यीय टीम में नहीं चुना गया था।

## जगुआर लैंड रोवर ने प्रदर्शित किया स्वचालित इलेक्ट्रिक कार

**कोवेंट्री(ब्रिटेन)।** टाटा मोटर्स की कंपनी जगुआर लैंड रोवर्स ने भविष्य के अनुकूल एक चालक-रहित इलेक्ट्रिक कार को प्रदर्शित किया। इसे मध्य ब्रिटेन के वारविक यूनिवर्सिटी में स्थित कंपनी के नवोन्मेष केंद्र में विकसित किया गया है। कंपनी ने इसे 'प्रोजेक्ट वेक्टर' के तहत तैयार किया है। कंपनी के अनुसार, प्रोजेक्ट वेक्टर उन्नत, बहुद्देश्यीय, स्वचालित व लचीली इलेक्ट्रिक कार विकसित करने की परियोजना है। जगुआर लैंड रोवर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी



(सीईओ) राल्फ स्पेथ ने कहा, ''प्रोजेक्ट वेक्टर से यह पता चलता है कि जगुआर लैंड रोवर हमारे समाज को अधिक सुरक्षित, अधिक स्वस्थ और पर्यावरण को अधिक स्वच्छ बनाने के लिये नवोन्मेष में अग्रणी है।'' उन्होंने कहा, ''हम इस परियोजना के जरिये अकादमिक जगत, आपूर्ति श्रृंखला और डिजिटल सेवा क्षेत्र की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को एक साथ ला रहे हैं, ताकि आवागमन की कनेक्टेड व एकीकृत प्रणालियां विकसित की जा सकें।

## जोरदार लिवाली से सेंसेक्स 400 अंक उछला

**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजार बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान गुलजार रहा। जोरदार लिवाली आने से सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा उछला और निफ्टी भी 100 अंक चढ़कर 12,000 के ऊपर कारोबार कर रहा था। कोरोना वायरस के प्रकोप के असर से घरेलू उद्योग पर पड़ने वाले प्रभाव से निपटने के लिए कदम उठाए जाने के सरकार के भरोसे से निवेशकों का मनोबल ऊंचा हुआ।

# वर्कलोड से थकान पर अगले तीन साल सभी प्रारूप खेलूंगा: विराट कोहली

**वेलिंग्टन।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली खुद को तीन मुश्किल वर्षों के लिए तैयार कर रहे हैं। इन तीन वर्षों में वह सभी तीनों प्रारूपों में खेलेंगे। इसके बाद वह अपने वर्कलोड का आकलन करेंगे। कोहली चाहते हैं कि ट्रांजेशन पीरियड सेट हो जाए और उसके बाद वह इस पर विचार करें। दुनिया के चोटी के बल्लेबाज की नजर अगले तीन साल में होने वाले दो टी20 वर्ल्ड कप और एक 50 ओवरों के वर्ल्ड कप पर है। इसके बाद वह तीन में से किन्हीं दो प्रारूपों में खेलने पर विचार कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मेरी नजर बड़ी तस्वीर पर है। मैं खुद को अगले तीन साल के लिए तैयार कर रहा हूं। उसके बाद शायद मैं अलग बात करूंगा।



शुक्रवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से पहले प्रेस क्रॉन्फ्रेंस में थकान और वर्कलोड मैनेजमेंट पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, इस विषय से आप छुप नहीं सकते। करीब 8 साल से मैं साल में लगभग 300 दिन खेल रहा हूं, इसमें सफर और प्रैक्टिस सेशन शामिल हैं। और हर बार उतने ही जोश और जुनून के साथ मैदान पर उतरता हूं। इससे आप पर काफी दबाव पड़ता है। कोहली इस साल 31 वर्ष के हो जाएंगे, उन्होंने माना कि बीच-बीच में ब्रेक लेते रहने से उन्हें फायदा हुआ है। उन्होंने कहा, ऐसा नहीं है कि खिलाड़ी हर समय इसी के बारे में सोचते रहते हैं। हम निजी रूप से बीच-बीच में ब्रेक लेते रहते हैं हालांकि कई बार शेड्यूल आपको ऐसा करने की इजाजत नहीं देता। यह उन खिलाड़ियों के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है जो तीनों प्रारूपों में खेलते हैं।

## शेयर बाजार में तूफानी तेजी, सेंसेक्स 428 अंक और निफ्टी 138 अंक उछला

**मुंबई (आरएनएस)।** कोरोना वायरस के प्रभावों से भारतीय अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए सरकार द्वारा उपाय किये जाने की उम्मीदों के साथ ही चीन में इस वायरस से पीड़ितों के नये मामलों में कमी आने के कारण वैश्विक बाजार से मिले सकारात्मक संकेतों के बल पर हुयी। री लिवाली के बल पर शेयर बाजार चार दिनों की गिरावट से उबरते हुये तूफानी तेजी के साथ बढ़ा जिससे बीएसई का सेंसेक्स 428 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 138 अंक उछल गया।

बीएसई का सेंसेक्स 428.62 अंक उछलकर 41323 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 137.85 अंक चमककर 12130.30 अंक पर पहुंची जिससे बीएसई का मिडकैप 1.34 प्रतिशत बढ़कर 15631.91 अंक पर और स्मॉलकैप 1.41 प्रतिशत बढ़कर 14671.58 अंक पर रहा।

## पांच ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में कमोडिटी बाजार का होगा बड़ा योगदान

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कमोडिटी पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (सीपीएआई ) ने कहा है कि वर्ष 2024-25 तक भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में कमोडिटी बाजार की महत्ती भूमिका होगी क्योंकि सिर्फ जिंस क्षेत्र की इसमें 40 फीसदी का योगदान कर सकता है। सीपीएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र वाधवा ने 'कमोडिटी मार्केट् - वृद्धि के शीर्ष पर' विषय पर यहां आयोजित सम्मेलन में कहा कि पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था में कमोडिटी बाजार के योगदान पर अध्ययन कराये गये हैं जिनमें यह संकेत मिला है कि इस लक्ष्य का 40 प्रतिशत अकेले जिंस (कोमोडिटी) क्षेत्र को मिल सकता है। हालांकि इसे प्राप्त करने के लिए डेरिवेटिव बाजार के साथ कमोडिटी परिस्थितिक तंत्र और देशी बाजार विकसित करने की आवश्यकता है।ठ वाधवा ने कहा कि भारत को कमोडिटी लेनदेन कर (सीटीटी) जैसे कर प्रावधान के कारण वस्तुओं के बाजार में व्यापार की उच्च लागत पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, जो निवेशकों के लिए भागीदारी को अस्थिर बनाता है।

## आज का राशिफल

मेषः आज का दिन आपके लिए मिश्रित फल कारक है। नवम भाग्य भाव में चंद्रमा राज्य से सम्मान तथा रूके कार्यों की सिद्धि कारक है।

वृषभः राशि का स्वामी शु एकादश आय प्रमुख केंद्र भाव में राज्य मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि कारक है।

मिथुनः आपकी राशि का स्वामी बुध कुंभ राशि सूर्य के साथ नवम भाव में अस्त चल रहा है। अकारण शत्रुत्पत्ति, निर्मूल चिंताकारक है।

कर्कः आज का दिन आपके लिए सुख-शांति का रहेगा। पिछले कई दिनों से चला आ रहा तनाव आज कुछ कम हो जाएगा।

सिंहः आपकी राशि का स्वामी सूर्य सप्तम भाव में कुंभ राशि का होकर संचार कर रहा है।

कन्याः आज का दिन आपके स्वास्थ्य एवं सुस्त पड़े कारोबार में सुधार का दिन है।

तुलाः आपकी राशि के स्वामी शुक्र का मीन में प्रवेश हो चुका है। राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

वृश्चिकः आज का दिन विशेष व्यस्त एवं तनाव मुक्त रहेगा। आपकी राशि से तृतीय शनि योग बना हुआ है।

धनुः आपकी राशि पर मंगल अग्नि, चोर भायकारक है। सप्तम भाव में मिथुन राशि राहु भी व्यर्थ व्यय व प ी को कष्टकारक है।

मकरः आज का दिन प्रभाव प्रताप का बढ़ाने वाला है। द्वादश व्यय भाव में चंद्रमा भूमि, जमीन-जायदाद के कार्यों से अकल्पित लाभ कारक है।

कुंभः आपकी राशि का स्वामी शनि, मकर राशि का होकर द्वादश भाव में विराजमान है। चंद्रमा आज एकादश घर में आय के नए स्रोत विकसित करेगा।

मीनः राशि का स्वामी देवगुरू पिछले कई दिनों से धनु राशि का होकर दशम भाव में चल रहा है। चंद्रमा भी आज एकादश घर में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा।।

## 'द बिग बुल' की रिलीज डेट आउट, सामने आया अभिषेक बच्चन का लुक

अभिषेक बच्चन आखिरी बार अनुराग कश्यप की फिल्म मनमर्जियां में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ तापसी पन्नू ओर विकी कौशल भी थे। सभी ने अपनी ऐक्टिंग से दिल जीत लिया था। वहीं, अब अभिषेक बच्चन फिल्म द बिग बुल में नजर आएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ ही फिल्म की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। बता दें कि इस फिल्म के अलावा ऐक्टर के पास कई प्रॉजेक्ट्स हैं।

अभिषेक बच्चन ने अपने ट्विटर हैंडल पर अपनी फिल्म द बिग बुल का पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर में जिक्र है कि फिल्म 23 अक्टूबर को रिलीज होगी। पोस्टर में अभिषेक बच्चन ब्लैक पैंटसूट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने चश्मा पहना हुआ है और मूछों को रखा है। उनके लुक को देखकर लग रहा है कि वह फिल्म में




बिजनसमैन का रोल प्ले कर रहे हैं। फिल्म 1990 से 2000 के बीच हुई सच्ची घटनाओं और भारत के फाइनैंशल फील्ड में हुए बदलाव पर आधारित है। द बिग बुल स्टॉक ब्रोकर हर्षद मेहता की जिंदगी पर बेस्ड होगी। हर्षद मेहता को फाइनैंशल क्राइम करने के कारण अरेस्ट किया गया था।

फिल्म द बिग बुल में अभिषेक बच्चन के अलावा इलियाना डीक्रूज, निकिता दत्ता और सोहम शाह भी अहम किरदार निभाएंगे। वहीं, फिल्म का पहला पोस्टर पिछले महीने जनवरी की शुरुआत में आया है। पोस्टर में अभिषेक के चेहरे पर अंधेरा दिख रहा है। साथ ही वह अपनी अंगुलियों में कई अंगूठियां पहने नजर आ रहे हैं और होंठ पर अपनी अंगुली रखे हुए हैं।

फिल्म को अजय देवगन और आनंद पंडित प्रड्यूस कर रहे हैं। इसका डायरेक्शन कुकी गुलाटी कर रहे हैं।

## वरुण और सिद्धार्थ ने माई नेम इज खान से किया था बॉलिवुड डेब्यू

वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा बॉलिवुड के टैलंटेड ऐक्टर्स में से एक हैं। करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर में बड़े पर्दे पर एक साथ नजर दोनों ऐक्टर्स ने इस फिल्म से पहले ही अपना बॉलिवुड डेब्यू कर लिया था। दरअसल, वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस फिल्म से पहले फिल्म करण जौहर की ही फिल्म माई नेम इज खान में असिस्टेंट डायरेक्टर्स के तौर पर अपने बॉलिवुड करियर की शुरुआत थी। हाल ही में सोशल मीडिया पर दोनों ऐक्टर्स की पुरानी तस्वीरें वायरल हो रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में आप देख सकते हैं वरुण धवन और सिद्धार्थ मल्होत्रा करण जौहर और अन्य लोगों के साथ फिल्म माई नेम इज खान के सेट पर नजर आ रहे हैं। वहीं, एक तस्वीर में वरुण धवन शाहरुख खान के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि बीती 12 फरवरी को फिल्म माई नेम इज खान ने रिलीज को 10 साल पूरे कर लिए हैं। यह फिल्म बॉलिवुड की चर्चित फिल्मों में से एक थी। वर्कफ्रंट की बात करें तो वरुण धवन अपने पिता और फिल्म डायरेटक्टर डेविड धवन की फिल्म कुली नं. 1 के रीमेक में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ सारा अली काम कर रही हैं। कुली नं 1 में गोविंदा और करश्मा कपूर ने लीड रोल प्ले किया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा के वर्कफ्रंट की बात करें।

## चाय के चुस्की साथ ले 'बेसन पपड़ी' का मजा

### आवश्यक सामग्री

1 कप बेसन
1/4 चम्मच अजवाइन
1/4 चम्मच जीरा
1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
हींग चुटकीभर
1/8 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
नमक स्वादानुसार
बेकिंग पाउडर 1/2 चम्मच
2 चम्मच तेल
पानी आवश्यकतानुसार



चाय के साथ ले बेसन पपड़ी का मजा, जानें बनाने का तरीका के लिए इमेज नतीजे


### विधि

ओवन को 400 डिग्री पर प्री हीट होने के लिए रख दें। अब एक बाउल में बेसन, अजवायन, जीरा, हल्दी, हींग, लाल मिर्च पाउडर और नमक मिक्स कर लेंगे साथ ही बेकिंग पाउडर और तेल भी। अब इसे अच्छे से मिक्स कर लें। अब पानी की मदद से इसका मुलायम आटा गूंद लें। आटे को पार्टमेंट पेपर के बीच में रखेंगे और रोलर की मदद से इसे रोल करेंगे। बहुत पलता नहीं करना है। अब इसे चौकोर शेप में काट लें। फोर्क की मदद से इसमें छेद कर लेंगे। ओवन में 12-13 मिनट तक बेक करें। हल्का सुनहरा भूरा होने पर निकाल लें। अब रूम टेंम्प्रेचर पर इसे ठंडा होने दें फिर निकालकर डिब्बे में रख सकते हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 39

**बाएं से दाएं**
1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भूत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**
2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू- 39

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.38 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |